जो आया तेरे द्वार,
मेरे सांवरिया सरकार,
कुछ कहने कुछ सुनने बाबा,
आए तेरे द्वार,
जो आया तेरें द्वार,
मेरे सांवरिया सरकार।।

तर्ज मैं ना भूलूंगा।

तू पालनहारा है,
तू पालनहारा है,
हारे का सहारा है,
हाथ जोड़कर करते विनती,
श्याम धणी सरकार,
प्यार तुम्हारा पाने को सब,
रहते बेकरार,
जो आया तेरें द्वार,
मेरे सांवरिया सरकार।।

जो तेरे दिल में है,
जो तेरे दिल में है,
बाबा से कह दे तू,
कहने से पहले होगी वो पूरी,
फिर भी कह दे तू,
श्याम से मिलकर बोलने की,

जरूरत ना समझूँ,
जो आया तेरें द्वार,
मेरे सांवरिया सरकार।।

नाम की भक्ति में,
तेरे नाम की भक्ति में,
ये जीवन कट जाए,
हर पल हर क्षण मेरी जुबां पर,
नाम तेरा आए,
सांवरे तेरे नाम से ही,
पहचान ये मिल जाए,
जो आया तेरें द्वार,
मेरे सांवरिया सरकार।।

जो आया तेरे द्वार,
मेरे सांवरिया सरकार,
कुछ कहने कुछ सुनने बाबा,
आए तेरे द्वार,
जो आया तेरें द्वार,
मेरे सांवरिया सरकार।।

स्वर दीपक सांवरिया।

Source: https://www.bharattemples.com/jo-aaya-tere-dwar-mere-sawariya-sarkar/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw